Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to augment BSNL services in Garhwal Parliamentary Constituency.

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): महोदय, मैं आपके माध्यम से दूरसंचार मंत्री एवं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सहित उत्तराखंड प्रदेश के पवर्तीय जिलों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र गढ़वाल के अंतर्गत पूरे क्षेत्र में बीएसएनएल चैनल की इंटरनेट सेवा पूर्ण रूप से असंतोषजनक एवं खराब होने से जनता बहुत परेशान है। क्षेत्रीय जनता बहुत दूर-दराज गांवों से बैंक, पोस्ट ऑफिस एवं विकास खंडों में अपने कार्यों को करने के लिए आती है, लेकिन उनको यह कह कर लौटा दिया जाता है कि नेट नहीं चल रहा है।

विगत कई महीनों से जनपद चमौली के थराली, देवाल, नारायणबगड़ क्षेत्र में पोस्ट ऑफिस में काम बंद पड़ा है। इसी प्रकार जिला पौड़ी गढ़वाल के अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्र रिखणीखाल, धुमाकोट, जयहरीखाल, बीरोंखाल, पोखड़ा, एकेश्वर, थलीसैंण, खिर्सू सहित पूरे क्षेत्र में दूरसंचार व्यवस्था असंतोषजनक एवं खराब है। जनपद चमोली के दूरदराज क्षेत्रों में थराली के अंतर्गत कफोली, रुइसेण, घेस, कनोल, सुनल, गोरीकांडा, भैराणी आदि स्थानों पर अभी तक दूरसंचार की कोई व्यवस्था नहीं है। वहीं ग्रामग्रेस, धारकोटवाला, देवाल, सतगाव और सोलाढूंगी, पटलियार आदि स्थानों में जियो कम्पनी द्वारा टावर बने हैं, लेकिन अभी प्रारम्भ नहीं किए हैं। वहीं कर्णप्रयाग विधान सभा के अंतर्गत चमोला, पखोली, सुमलखाल, सिलवाणा, मंगला, तेजाणी, पिंडवाली, पुनगाव, बिसुणा आदि स्थानों पर अभी तक दूरसंचार की कोई व्यवस्था नहीं है और वहीं बद्रीनाथ विधान सभा के अंतर्गत सीमांत क्षेत्र के अंतर्गत, जो कि बॉर्डर के क्षेत्र हैं, नीति घाटी के 12 गाँवों तथा कलोट एवं पल्ला, भिमाणा, सलोन, पटेला, गोणा एवं पाणी-ईसाणी में दूरसंचार की कोई व्यवस्था नहीं है। आज संचार क्रांति के युग में भी ये लोग पिछड़े हुए हैं। मेरा आग्रह है कि इन क्षेत्रों में दूरसंचार की व्यवस्था को सुदृढ करें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री तीरथ सिंह रावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।